हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

11 272 प्रॉपर्टी आईडी रद्द करने पर कॉलोनीवासियों का फुटा गुस्सा



12 एसटीपी का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** सीआईए स्टाफ ने अवैध देशी पिस्तौल सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को सीआईए स्टाफ के हेड कांस्टेबल विकास को सूचना मिली कि हर्ष उर्फ बूगु बाल्मीकि बस्ती में अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते पुलिस टीम ने बाल्मीकि बस्ती में पंहुचा जहां संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास से देशी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद पिस्तौल को कब्जे में लेकर आर्मस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी हर्ष को गिरफ्तार किया । मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### 21 को रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था

**लोहारू।** श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल के तत्वावधान में आगामी 21 फरवरी को लोहारू से खाटूधाम के लिए श्रद्धालुओं का पैदल जत्था रवाना होगा। जिसके लिए मंडल सदस्यों ने तैयारी शुरू कर दी है। यह जानकारी देते हुए मंडल प्रधान सुभाष सैनी, सदस्य महेंद्र शर्मा और मुकेश सैनी ने बताया कि श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल के तत्वावधान में वर्ष 2008 से लोहारू के निशान तले सैकड़ों श्रद्धालु खाटू धाम तक पैदल यात्रा करते आ रहे हैं।

### पांच दुकानदारों के 12 हजार के चालान काटे

**भिवानी।** प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यालय से एसडीओ विकास के नेतृत्व में शहर में जैन चौक और हालू बाजार में चालान काटने का अभियान चलाया गया। इस दौरान 5 दुकानदारों के चालान काटे गए, जिन पर 12 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रदूषित पर्यावरण से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियान के दौरान दुकानदारों के साथ साथ अपील की गई है कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग ना करें।

# 14 शिक्षा अधिकारी 57 प्राइमरी विद्यालयों का करेंगे निरीक्षण

## दूसरी और तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का शिक्षा का स्तर जांचेंगे

**विद्यार्थियों की हिंदी शब्दों की समझ व गणित में जोड़-घटाव का करेंगे आंकलन**

राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिलेभर के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालयों व राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण एवं बच्चों का शिक्षा स्तर का आंकलन करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मोनिटरिंग टीमों का गठन किया हैं। मोनिटरिंग टीमों में शामिल जिले के 14 शिक्षा अधिकारी जिलेभर के 57 प्राइमरी विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे तथा बच्चों का शिक्षा स्तर जानेंगे। टीमों में जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना अधिकारी, डिप्टी डीईओ, डाइट प्राचार्य, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के जिला समन्यवयक व ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को शामिल किया हैं। मोनिटरिंग टीम को निर्देश दिए हैं कि वे विद्यालयों का निरीक्षण करें और बच्चों का शिक्षा स्तर जांचें वहीं दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चों की प्रति मिनट हिंदी के शब्दों की समझ तथा गणित में जोड़ व घटाव का आंकलन करें।





### दूसरी में हिंदी के 45 तथा तीसरी में 60 शब्द प्रति मिनट की हो समझ

विद्यालयों में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हिंदी के 45 शब्द तथा तीसरी के विद्यार्थियों को 60 शब्द प्रति मिनट (समझ के साथ) ओआरएफ (ओरल रीडिंग फ्ल्युएन्सि) पढ़ने में निपुण होने चाहिए। वहीं गणित विषय में कक्षा दूसरी के विद्यार्थी को दो अंकीय जोड़ हासिल के साथ तथा तीसरी के विद्यार्थी दो अंकीय घटाव बिना हासिल के साथ आना चाहिए।

### बीईओ इन पाठशालाओं का लेंगे जायजा

बीईओ भिवानी डॉ. अनिल गौड़ राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल धनाना, वीर शहीद शीशराम राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल कलिंगा, वीर शहीद सतीश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल मानहेरू व राजकीय प्राइमरी स्कूल कुचपड़ बुडेसरा, बीईओ बवानीखेड़ा सतेंद्र सिंह राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सुई, राजकीय प्राइमरी स्कूल उदितपाडापुर, राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल दुर्जनपुर, राजकीय प्राइमरी स्कूल रोहणात तथा बीईओ बहल दर्शना कुमारी राजकीय प्राइमरी स्कूल सिधनवां, राजकीय प्राइमरी स्कूल ओबरा, राजकीय प्राइमरी स्कूल बैराण, राजकीय प्राइमरी स्कूल ढाणी हट्टी तथा बीईओ तोशाम विजय कुमार राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल ढाणीमाहू, राजकीय प्राइमरी स्कूल धारण, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल खरकड़ी झांवरी, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल बजीणा तथा बीईओ कैरू महेंद्र कुमार राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल लोहानी, राजकीय प्राइमरी स्कूल लेघां, राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल मनसरबांस, राजकीय प्राइमरी स्कूल ढाणी जाटान तथा बीईओ लोहारू विजयप्रभा राजकीय प्राइमरी स्कूल ढिगावा शामियान, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल बुढ़ेड़ा, राजकीय प्राइमरी स्कूल ढाणी अकबरपुर, राजकीय प्राइमरी स्कूल झांझड़ा श्योराण तथा बीईओ सिवानी हीरालाल राजकीय प्राइमरी स्कूल रुपाना, राजकीय प्राइमरी स्कूल मतानी, राजकीय प्राइमरी स्कूल गुड़ा व राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल कालोद का निरीक्षण करेंगे।

### डीईओ, डीईईओ व डीपीसी करेंगे इन स्कूलों की मॉनिटरिंग

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल नंबर दो भिवानी, राजकीय प्राइमरी स्कूल मिताथल व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल फुलपुरा का निरीक्षण करेंगी और बच्चों का हिंदी में शब्दों की समझ गणित के जोड़ व घटाव का आंकलन करेंगी। **वहीं डीईईओ विनय जिंदल:** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल अनुसूचित जाति बस्ती बवानीखेड़ा, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल बडेसरा, राजकीय प्राइमरी स्कूल किरावड़ व राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल बड़सी का निरीक्षण करेंगे।

- डीईईओ ने डीईओ, डिप्टी डीईओ, डाइट प्राचार्य, डीपीसी व बीईओ को दिए निर्देश

**वहीं समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर:** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल जुई खुर्द, राजकीय प्राइमरी स्कूल कुसुंभी, राजकीय प्राइमरी स्कूल प्रेमनगर, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल धिराणा तथा चरखी दादरी डाइट के प्राचार्य धर्मेंद्र राजकीय प्राइमरी स्कूल गागड़वास, राजकीय प्राइमरी स्कूल बड़दू चैना, राजकीय प्राइमरी स्कूल मनफरा व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सोहांसड़ा का निरीक्षण करेंगे ।

**डिप्टी डीईओ को मिली इन प्राइमरी विद्यालयों की जिम्मेदारी:** डिप्टी डीईओ राजबाला राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल कलिंगा अमरू, राजकीय स्कूल मिताथल टू, राजकीय कन्या स्कूल दुल्हेड़ी व राजकीय स्कूल निगानाकलां तथा डिप्टी डीईओ राजबाला फौगाट वीर शहीद सतीश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल मानहेरू, राजकीय स्कूल कुड़ल, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति स्कूल तोशाम तथा राजकीय स्कूल दांगकलां का निरीक्षण करेंगी। वहीं जिला निपुण समन्वयक मुकेश कुमार राजकीय स्कूल तिगड़ाना, राजकीय स्कूल मुंढाल कलां, राजकीय स्कूल लोहानी, वीर शहीद मुंशीराम राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति स्कूल कैरू, राजकीय प्राइमरी स्कूल भुरटाना, राजकीय कन्या स्कूल बलियाली का निरीक्षण करेंगे।



बाढ़ड़ा। कम्यूनिटी सेंटर के भवन की नीवं रखते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में रखी नींव

- कम्युनिटी भवन की नींव सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह रोहिल्ला की अगुवाई में रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

गांव काकडोली सरदारा के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सामाजिक एकता, सेवा भावना और दानवीरता का परिचय देते हुए रमेश पुत्र रामनिवास गोयल परिवार ने अपने परिजनों की पावन स्मृति में एक भव्य, विशाल एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त कम्युनिटी भवन के निर्माण का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह भवन न केवल गांव की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्थायी धरोहर सिद्ध होगा। कंयुनिटी भवन की नींव सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह रोहिल्ला की अगुवाई में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रखी गई। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और ग्रामीणों ने गोयल परिवार की मुक्त कंठ से सराहना की। इस भवन में ग्रामीण निशुल्क या न्यूनतम खर्च पर अपने कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। कार्यक्रम की नींव रखते हुए सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह रोहिल्ला ने कहा कि गोयल परिवार द्वारा उठाया गया यह कदम समाज सेवा की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जब सक्षम परिवार समाज के हित में आगे आते हैं, तभी गांव सशक्त बनते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रणबीर रोहिल्ला, बलवान श्योराण, जगमाल श्योराण, आनंद वालिया, हीरा लाल शास्त्री, जजपा अध्यक्ष विजय श्योराण, चंद्रभान खींची, मास्टर राजबीर रोहिल्ला, मास्टर करतार रोहिल्ला, सतबीर पंच, राजेश पुनिया सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, पंच-सरपंच, महिला मंडल एवं युवा वर्ग के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## सूरजभान सांगवान सर्वसम्मति से बने प्रधान

**भिवानी।** दी भिवानी जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण फेडरेशन ली भिवानी के प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से सूरजभान सांगवान को प्रधान व मुरारी लाल शर्मा को उप प्रधान चुना गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगजीत सांगवान , उप रजिस्ट्रार बंसीलाल ,उप मंडल अधिकारी /मैनेजर नवदीपक डाला, निदेशक कमल सिंह परमार,निदेशक सचिन हुड्डा,निदेशिका कुमारी खुशबू,निदेशक रामकिशन श्योराण, सतबीर पानू, लीला राम आदि उपस्थित रहे।

# भिवानी-कोंट रोड पर व गांव कोंट में हटाया अवैध निर्माण

## ड्यूटी मजिस्ट्रेट कार्यकारी अभियंता दयानंद रोहिला व पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़े कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर योजनाकार विभाग द्वारा उपायुक्त साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार मौजा भिवानी जोनपाल में भिवानी-कोंट रोड़ पर व गांव कोंट में अवैध निर्माण हटाओ अभियान चलाया गया। विभाग ने भिवानी-कोंट रोड़ पर लगभग दो एकड़ में व गांव कोंट में लगभग तीन एकड़ में फैली एक कॉलोनी से अवैध निर्माण को हटाया।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी नरेन्द्र नैन ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट कार्यकारी अभियंता दयानंद रोहिला व पुलिस बल की मौजूदगी में भिवानी-कोंट



रोड़ पर लगभग दो एकड़ में फैली एक कॉलोनी से छह डीपीसी, एक अवैध निर्माण, एक फैक्ट्री, एक ढाबा, कच्चे रोड़ नेटवर्क व डिमार्केशन को तोड़ा गया। वहीं गांव कोंट में एक अवैध कॉलोनी से लगभग तीन एकड़ से 17 डीपीसी को तोड़ा गया। इस दौरान लोगों को इस बारे जागरूक किया गया कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी, नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सडक़ों की हरित पट्टी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। उल्लेखनीय है कि शहर के चारों तरफ अनेक जगहों पर अवैध कॉलोनी पनप रही है। अवैध कॉलोनी काटने वाले लोग आमजन को अपने झांसे में फास लेते है और उनको महंगे दामों पर प्लाट बेच देते है। उनको अनेक तरह की सुविधाएं दिलाए जाने का भरोसा दिलाया जाता है,लेकिन बाद में वे कोई भी सुविधा या कागजात भी नहीं उपलब्ध करवाते। जिससे भोले भाले लोग फस जाते है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने इस तरह के लोगों से बचने की सलाह दी।

# यशपाल ने हाफ मैराथन में जीता कांस्य पदक

- यशपाल अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों में 800 मीटर दौड़ और रिले रेस के रह चुके हैं विजेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी के 70 वर्षीय यशपाल सिंह तंवर ने हाल ही में एमके अस्पताल में आयोजित मैराथन में अपनी फिटनेस से न सिर्फ युवाओं को चौंका बल्कि 10 किमी की दौड़ में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। बीते दिनों शहर में 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी श्रेणियों में मैराथन का



भिवानी। पदक विजेता बुजुर्ग यशपाल का स्वागत करते खेलप्रेमी।

आयोजन किया था। यशपाल सिंह ने 10 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लिया और पूरे जोश के साथ इसे मात्र 60 मिनट में पूरा किया। उनकी उपलब्धि ने ये साबित कर दिया कि शरीर को सक्रिय रखा जाए, तो बुढ़ापा कभी बाधा नहीं बनता। यशपाल अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों में वे 800 मीटर दौड़ और रिले रेस के विजेता रहे हैं। यशपाल की सफलता की खुशी में नेहरू पार्क स्थित डायमंड ग्रुप के सदस्यों और पदाधिकारियों ने सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। बता दें कि इस अवसर पर राजबीर शर्मा, युक्की शर्मा, साऊथ हरियाणा रोलर स्केटिंग से अशोक जीत सिंह, विक्की, राजकुमार वर्मा, सतीश यादव, अजीत, मनजोत व पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### तोशाम में तालाब के किनारे मिला शव

**तोशाम।** मंगलवार को तोशाम में भिवानी मार्ग पर राजकीय विद्यालय के नजदीक तालाब के किनारे पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। समाचार लिखे जाने तक मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी। मंगलवार को तोशाम में भिवानी मार्ग पर राजकीय विद्यालय के नजदीक स्थित तालाब के किनारे पर लगी कुर्सी पर व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से छानबीन की लेकिन मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में ले लिया। तोशाम थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि तोशाम में भिवानी मार्ग पर व्यक्ति के मृत होने की सूचना मिली थी।

# क्रिकेट में द्वारका की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- मैन ऑफ दि सीरिज रहे सांडू जुई

स्व. धनकौर देवी की पुण्यतिथि स्मृति में गांव पाथरवाली में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में द्वारका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। समापन अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि शीशराम चेयरमैन ने शिरकत तथा समापन समारोह की अध्यक्षता सरपंच राजेश भारद्वाज ने की। वही कार्यक्रम के संयोजक सुनील शास्त्री व सुरेश शास्त्री ने की। इस मौके पर



अतिथियों व आयोजकों ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मैच द्वारका और जुई की टीमों के बीच खेला गया। द्वारका की टीम ने 7 ओवरों में 103 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जुई की टीम केवल 80 रन ही बना सकी। संदीप ने मैन ऑफ दि मैच का खिताब जीता। वही मैन ऑफ दि सीरिज सांडू जुई तथा बेस्ट बोलर प्रीतम रहे। इस प्रतियोगिता में द्वारका की टीम प्रथम, जुई द्वितीय, पाथरवाली तृतीय तथा डोहका चतुर्थ स्थान पर रही।

## नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन रोचक रहे मुकाबले

# इलाहाबाद ने अयोध्या को 5-0 गोल के अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में गांव अलखपुरा में एआईयू एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 -26 में उत्तर क्षेत्र के सात राज्यों से 19 विश्वविद्यालयों की फुटबॉल टीमें अपना दम खम दिखा रही हैं। गौरतलब होगा कि गांव अलखपुरा की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है और इस गांव की



बेटियां महिला फुटबॉल टीम में देश का नेतृत्व कर देश प्रदेश,भिवानी जिले के साथ साथ अपने गांव अलखपुरा का नाम रोशन कर रहीं हैं। फुटबॉल के प्रति बेटियों के इसी जज्बे और जुनून को देखते हुए कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने अलखपुरा में राष्ट्रीय स्तर की बड़ी चैंपियनशिप का आयोजन अलखपुरा में करने का निर्णय लिया गया ताकि ग्रामीण पृष्ठ भूमि के खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन मिल सके। चैंपिनशिप के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि एआईयू के ऑब्जर्वर प्रो. एलटी सिंह ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय कर उनको प्रोत्साहित करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं गांव अलखपुरा ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों का बेहतर व्यवस्था संचालन की सराहना की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक एवं विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काउंसिल अध्यक्ष डॉ मितेश शर्मा , प्रो. सतवीर सिंह ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। गांव अलखपुरा में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में टीमों के खिलाडियों ने जबरदस्त दमखम दिखाया। इससे पूर्व एआईयू के ऑब्जर्वर प्रो. एलटी सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाया। सबसे पहले इलाहाबाद व अयोध्या की यूनिवर्सिटी के बीच मुकाबला शुरू हुआ। मैच के आधा समय बीतने तक इलाहाबाद की टीम ने अयोध्या की टीम के गोल में तीन गोल किया। शुरू में अयोध्या की टीम उत्साह के साथ खेलना शुरू किया,लेकिन इलाहाबाद के आगे बेबस नजर आई। इलाहाबाद की टीम ने यह मैच 5-0 के अंतर से जीत लिया।

### जींद ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 5-0 से दी मात



आरएसयू जींद ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 5-0 से हराया। वहीं एमडीयू रोहतक ने पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ को 3-2 से हराया। । प्रतियोगिता के बाकी मुकाबले बुधवार को खेले जाएंगे। इस मौके पर स्पोर्ट्स काउंसिल के प्रधान डॉ मितेश शर्मा, एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम से प्रो.सतवीर सिंह, डॉ वजीर , डॉ वीरेंद्र, डॉ सोनिका विजारणीया,गजानंद शास्त्री, हंसराम कोच, पीआरओ प्रभारी ऋषि शर्मा, साहिल कुकरेजा, सहायक कुलदीप गुलिया,मंजीत कोच,अजमेर कोच,विकास कोच, राकेश यादव, अंजू रानी,रजत,दीपक,मनीष सहित अनेक कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।



लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।


## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...



**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।

***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह



**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

*__नई दिल्ली।__ सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



## 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

## शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

## 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### भिवानी स्थापना महोत्सव एक को

**भिवानी।** सांस्कृतिक मंच आगामी एक मार्च को भिवानी स्थापना महोत्सव मनाने जा रहा है। इस अवसर पर समरस भारतः सशक्त भारत विषय पर प्रखर राष्ट्रभक्त सुशील पंडित अपना उद्बोधन देंगे। मंच के महासचिव रणविजय सिंह ने बताया कि मंच के संरक्षक डॉक्टर डीवी ढिल्लों व कर्नल गजराज सिंह के सान्निध्य में किए जा रहे आयोजन के मुख्यतिथि पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु होंगे।

### दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन करें

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन दी जा रही है । राज्य सरकार के इस निर्णय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने कहा है कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### पेंशन खत्म करने की साजिश रच रही बीजेपी

**चरखी दादरी।** जननायक जनता पार्टी महिला सैल जिलाध्यक्ष लक्ष्मी बलौदा ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन पर निरंतर झूठ बोलने की बजाय बीजेपी सरकार अपनी मंशा स्पष्ट करे कि वह समाज कल्याण से जुड़ी देश की बेहतरीन और बेहद पुरानी योजना पर प्रहार करके उसे समाप्त करने की साजिश क्यों कर रही है। 1987 में जननायक चौधरी देवीलाल की दूरगामी सोच के चलते बुढ़ापा पेंशन की शुरुआत हरियाणा से हुई थी। इस योजना का अन्य राज्यों में अनुसरण किया जा रहा है जबकि हरियाणा में भाजपा सरकार इसे समाप्त करने में लगी हुई है।

### स्वावलम्बी बनने के लिए मिलेगा ऋणः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। हरियाणा में क्रियान्वित की जा रही विधवा अनुदान योजना के तहत राज्य की विधवा महिलाओं को बैंकों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए 3 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाली विधवा महिलाओं को मिलेगा। इसकी पात्रता शर्तों में महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच, पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर ना होना, हरियाणा का निवासी होना शामिल है।

### परमात्मा शिव एक ज्योतिर बिंदूः परमानंद

**भिवानी।** परमात्मा शिव एक ज्योतिर बिंदू है, इसे केवल हम आध्यात्म से की प्राप्त कर सकते हैं, ये बात चित्रकूट सतना से पधारे आचार्य स्वामी परमानंद ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा व राजयोगिनी बीके कीर्ति बहन के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व पर कही। इस मौके समाजसेवी, संतों व प्रबुद्ध व्यक्तियों मौजूद रहे। उन्होंने योग क्रिया, योग व योगी व्यक्ति की क्या पहचान है आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

### दुर्व्यवहार की सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई को दें

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के प्रति होने वाले किसी भी प्रकार के यौन अपराध, दुर्व्यवहार या शोषण की घटनाओं को कभी भी नजरअंदाज न किया जाए। ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा संबंधित विभागों को दी जाए, ताकि समय रहते पीड़ित बच्चे को न्याय और सुरक्षा प्रदान की जा सके। बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पोक्सो अधिनियम, 2012 लागू किया गया है।

---

### लोगों ने ओड धर्मशाला में एकत्रित होकर बनाई रणनीति, किया प्रदर्शन

# 272 प्रॉपर्टी आईडी रद्द करने पर कॉलोनीवासियों का फूटा गुस्सा

**लोगों ने कहा- न्यायालय के आदेश न आने पर उनकी पीआईडी की आपति पर लगाई जाए रोक**



बवानीखेड़ा। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका द्वारा शहर में तकरीबन 12 एकड़ भूमि की 272 नई व पुरानी प्रोपटी आईडी (पीआईडी) को रद्द करने को लेकर लोगों में कोतुहल की स्थिति पैदा हो गई है। रोजाना लोगों द्वारा मिलकर नई नई रणनीतियां बनाई जा रही हैं। वहीं मंगलवार को भी सैंकड़ों लोगों ने ओड धर्मशाला में एकत्रित होकर रणनीति बनाई व नपा कार्यालय पहुंचकर रोष जाहिर करते हुए ऑनलाइन माध्यम से एतराज जमा करवाते हुए पीआईडी मामले में माननीय न्यायालय के आदेश न आने पर पीआईडी में आगामी कार्यवाही पर रोक लगवाने की शिकायत दी। हालांकि लोगों ने इसके बारे में विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा चैयरमैन सुंदर अत्री को भी मिलकर समस्या के समाधान की बात कही थी जिस पर दोनों ने उन्हें आश्वासन दिया था।

#### न्यायालय की लेंगे शरण

कॉलोनीवासियों ने बताया कि उन्हें नपा कार्यालय से वक्फ बोर्ड के कागज लेने भी बार बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वे जल्द ही माननीय न्यायालय की शरण लेंगे ताकि उन्हें न्याय मिल सके। वहीं उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज में वक्फ बोर्ड से भविष्य में किसी प्रकार के गृहकर न भरवाने की बात कही।

#### शिकायत प्राप्त हुई, अधिकारियों को करवाएंगे अवगत

नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि वे कार्यालय के काम से बाहर हैं। कार्यालय में लोगों की शिकायत प्राप्त हुई है। इसके बारे में विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाते हुए कार्यवाही अमल में लाने का कार्य करेंगे।

#### वक्फ बोर्ड का कुल कितना और कहां कहा है एरिया

शहरवासियों में ये भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि वक्फ बोर्ड का कुल एरिया कितना और कहां कहां है। क्योंकि अभी खुलकर विभाग द्वारा शो नहीं किया गया है कि कितनी दुकानें और कितने मकान व प्लॉट शामिल हैं। जिसके कारण हर कोई अपने रिहायशी मकानों, दुकानों को इसमें शामिल होने की सोच रहे हैं। जिसके कारण हर कोई बेचैन नजर आ रहा है। सूत्रों की मानें तो वक्फ बोर्ड भूमि में धार्मिक स्थल भी स्थापित हैं। नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया था कि खसरा नंबर 637, 639, 640 आदि में 12 एकड़ में 272 पीआईडी रद्द की गई है इस बारे भिवानी वक्फ बोर्ड की रिक्वेस्ट आई थी जिसके कारण इसे रद्द किया गया है। वक्फ बोर्ड की एक लिस्ट और आने वाली है इसमें कितनी पीआईडी है वो लिस्ट आने पश्चात ही पता चल पाएगा।

#### 65-70 वर्षों से रिहायश नपा असैसमेंट और पीआईडी में नाम दर्ज

नपा कार्यालय में दी शिकायत में दयानंद, औमप्रकाश, प्रेम, जोगेन्द्र सिंह, करतार सिंह, श्याम, रीना, फतेसिंह, कर्णसिंह, रामकिशन, विकास, दर्शनलाल, रजनीकांत, पवन, हरिसिंह, रविन्द्र, रामस्वरूप, श्याम, जगदीश आदि ने बताया कि वार्ड 13 में सरकारी अस्पताल से लेकर मिष्ठान भंडार तक का एरिया पिछले चार पीढ़ियों से लगातार रहता आ रहा है और नपा रिकार्ड में असैसमेंट व नई पीआईडी में उनके नाम दर्ज रहे व वे गृहकर देते आ रहे। सरकार द्वारा उनकी पीआईडी बनाई गई लेकिन पा द्वारा अज्ञात कारणों से उनकी पीआईडी को रद्द करके वक्फ बोर्ड के नाम स्थानांतरण कर दिया जो सरासर गलत है। वहीं उन्होंने इस मामले में मिलीभगत का भी आरोप लगाया।

---



तोशाम। एकत्रित लोगों को संबोधित करते कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी। फोटो: हरिभूमि

### कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष पहुंचे गोलागढ़

# अनिरुद्ध चौधरी ने अपनी दादी को दी श्रद्धांजलि

- विद्या देवी ईमानदारी तथा शराफत की मिसाल थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल की धर्मपत्नी स्वर्गीय विद्या देवी की पुण्यतिथि के मौके पर उनके पोते एवं कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने गांव गोलागढ़ में पहुंचकर अपनी दादी के समाधि स्थल पर उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अनिरुद्ध चौधरी ने अपनी दादी स्वर्गीय विद्या देवी को याद करते हुए कहा कि उनकी दादी विद्या देवी ईमानदारी तथा शराफत की मिसाल थी। उनका मिलनसार एवं शांत स्वभाव था। वह जन-जन के साथ मेलजोल रखते हुए सबको अपना मानती थी। उनके दरवाजे पर परिचित या अनजान कोई भी व्यक्ति आता था तो हर किसी से दादी विद्या देवी बहुत ही विनम्रता के साथ वार्तालाप करती थी।

अनिरुद्ध चौधरी ने बताया कि उन्हें अपनी दादी विद्या देवी का काफी प्यार और आशीर्वाद मिला है। उनका कहना था कि जो कोई मुकाम अनिरुद्ध चौधरी ने हासिल किया है वह दादा-दादी तथा माता-पिता के आशीर्वाद की बदौलत ही है। अपनी दादी की पुण्यतिथि के मौके पर उन्होंने गांव गोलागढ़ में स्थित उनकी समाधि स्थल पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने गांव गोलागढ़ के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल तथा उनकी धर्मपत्नी विद्या देवी को याद करते हुए काफी सराहा। इस मौके पर अनिरुद्ध चौधरी के परिजनों सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---

# माता-पिता बच्चों पर ध्यान दें

- नशा व्यक्तित्व निर्माण में बाधक, आर्थिक, शारीरिक व मानसिक रूप से बनाता कमजोर : बीके ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नशा व्यक्तित्व निर्माण में बाधक है, यह व्यक्ति को आर्थिक शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर बनाता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा-झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर चलाया जा रहा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गोकुल व रामलवास गांवों में अभियान संयोजक एवं झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए।




भिवानी। नशे के खिलाफ संकल्प लेते बीके भाई बहन व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

#### मेडिटेशन से मन होता है शांत

ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि वर्तमान में 15 से 25 वर्ष की आयु के ज्यादातर युवा नशीले पदार्थों के आदी हैं, ये नशा युवा अवस्था की शक्तियों को कमजोर कर रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की माता-पिता को अपने बच्चों की तरफ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ब्रह्माकुमारी रितु ने मेडिटेशन करवाते हुए कहा कि मेडिटेशन राजयोग एक ऐसी पद्धति है, जिससे हम अपने मन को शांत आनंदमय बनाकर बीड़ी सिगरेट शराब तथा अन्य नशीले द्रव्यों से सहज छुटकारा पा सकते हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अनुज बहन ने सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई।

---

# आत्म अनुशासन बढ़ाता है सूर्य नमस्कार

- हनुमान ढ़ाणी स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में हरियाणा योग आयोग, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर 12 जनवरी से सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है, जो कि 12 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर संपन्न होगा। इसी कड़ी में हनुमान ढ़ाणी स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में जिला योग कोऑर्डिनेटर एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय वैद ने सूर्य नमस्कार से होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। आयुष योग शिक्षक कविता अहलावत एवं रेणु वर्मा ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. वैद ने कहा कि सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से शारीरिक शक्ति, मानसिक एकाग्रता और स्मृति में वृद्धि होती है।



भिवानी। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में योग करते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

#### बढ़ती है याददाश्त

सूर्य नमस्कार परीक्षा के तनाव को कम करने, लचीलापन बढ़ाने, पाचन सुधारने और पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रखने में अत्यंत सहायक है, जो बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार से मन शांत होता है, जिससे पढ़ाई में फोकस और याददाश्त बेहतर होती है। परीक्षा के समय होने वाली घबराहट और चिंता को कम करने में यह बहुत मददगार है। आयुष विभाग से डॉ निशा वर्मा ने सूर्य नमस्कार अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

---

# महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

- हिंदू समाज को अपनी जड़ों से जुड़ने और संगठित होने की नितांत आवश्यकता : त्रिलोकचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कमला भवन में महाराजा प्रताप हिंदू सेवा समिति द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे हाउसिंग बोर्ड, पटेल नगर, आदर्श नगर, बाबा नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि इसमें धर्म के साथ-साथ सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया। सम्मेलन के दौरान भव्य शिव मंदिर कलश यात्रा सुमन शर्मा व मनीषा बंसल के नेतृत्व में निकाली, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारत माता की आरती से किया। पूरे परिसर का वातावरण देशभक्ति के गीतों और धार्मिक उद्घोषों से गुंजायमान रहा। सम्मेलन में बतौर मुख्यतिथि परमानंद सैनी पहुंचे तथा अध्यक्षता सुंदरलाल ने की। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन तान्या गुप्ता और अशोक शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। प्रवक्ता त्रिलोकचंद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हिंदू समाज को अपनी जड़ों से जुड़ने और संगठित होने की नितांत आवश्यकता है। जब हम एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलेंगे, तभी सशक्त भारत का निर्माण होगा। महाराजा प्रताप जैसे महापुरुषों का जीवन हमें स्वाभिमान से जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर रविंद्र वैद प्राचार्य, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, विवेक अग्रवाल, गौसेवक रामनिवास आदि मौजूद रहे।



भिवानी। हिंदू सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

#### बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ें

सुंदरलाल ने कहा कि परिवार ही समाज की पहली इकाई है। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया।

---

# कैडेटस को दी जानकारी

- स्वयंसेविकाओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में एन एस एस सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु बाला बाला व डॉ. मंजू दिसोंदिया के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा इकाई 1,2 की 100 स्वयंसेविकाओ ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ एनएसएस गीत और ड्रिल के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. शशिकांत एवं प्रो. मीनाक्षी ने एन एस एस स्वयंसेविकाओं को साइबर क्राइम के कुछ तथ्य जैसे फिशिंग, बैंकिंग फ्रॉड, ट्रेंडिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फेक वेबसाइट्स, सिक्योर पासवर्ड, पासवर्ड मैसेंजर का उपयोग, मज़बूत पास्की, एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल आदि के बारे में जानकारी साझा की और जागरूक रहने की शिक्षा दी।



भिवानी। शिविर में कैडेटस को जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया

उन्होंने बताया कि सभी वॉलंटियर्स को साइबर क्राइम के विरुद्ध आवाज उठनी चाहिए और हेल्पलाइन नम्बर 1930 का प्रयोग करना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने अपने विचारों के साथ सभी स्वयंसेविकाओं को जागरूक एवं प्रेरित किया। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया जिसका शीर्षक था मोबाइल की लत और परिवार। अंत में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

---

### बाबा पंचवीर गोशाला में गूंजी सांग की तान, सात दिवसीय महोत्सव का भव्य आगाज

# सांगी रहीश एवं पार्टी ने पिंगला भरतरी सांग का किया मंचन

**लुप्त होती विधा से लोगों को जोड़ने का प्रयास है सांग महोत्सवः मुकेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव बापोड़ा स्थित बाबा पंचवीर गौशाला में मंगलवार से सात दिवसीय हरियाणवी सांग महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आगाज हुआ। हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के सौजन्य से आयोजित महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन एवं गो-माता की सेवा के लिए कोष एकत्रित करना है। 16 फरवरी सात दिनों तक हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला के माध्यम से दर्शकों को निहाल करेंगे। महोत्सव के प्रथम दिन प्रसिद्ध सांगी रहीश यादव व उनकी पार्टी ने पिंगला भरतरी सांग का मंचन किया। कलाकारों ने अपनी रागनियों और संवादों के माध्यम से उज्जैन के राजा भरतरी, रानी पिंगला और उनके भाई विक्रम के जीवन के उतार-चढ़ाव को जीवंत कर दिया।



भिवानी। पिंगला भरतरी सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

#### गो-सेवा का एक महायज्ञ

सांग के दौरान जब रानी पिंगला के मोहपाश और राजा भरतरी के वैराग्य के प्रसंग आए, तो पंडाल में मौजूद श्रोता भाव-विभोर हो गए। मुख्य रूप से लोकप्रिय रागनियां खोल के किंवाड बड़ गया भाभी जी के महल में व किसने देख्या स्वर्ग भरतरी आपा मरे बिना की सुंदर प्रस्तुतियों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और समाज को नैतिकता एवं सच्चाई का संदेश भी दिया। आयोजन कमेटी के सदस्य मुकेश बापोड़ा और महाबीर ने कहा कि सांग जैसी लुप्त होती विधा के माध्यम से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आयोजन से जो राशि एकत्रित होगी, वह पूरे वर्ष गौशाला में हरे व सूखे चारे के लिए उपयोग की जाएगी। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गो-सेवा का एक महायज्ञ है।

---

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश के वन कर्मचारी अपनी लंबित मांगों और सरकार की नीतियों के विरोध में 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेंगे। वन कर्मचारी संघ हरियाणा ने स्पष्ट किया है कि निजीकरण, पुरानी पेंशन की बहाली और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने जैसे बुनियादी मुद्दों पर अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव एवं वन कर्मचारी संघ के मुख्य सलाहकार जोगेन्द्र करौंथा, महासचिव विक्रांत, जिला सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि सरकार की वर्तमान नीतियों के कारण सघन वन क्षेत्रों को विदेशी निवेशकों और पर्यटन के नाम पर सिकोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य वन नीति के अनुसार वन क्षेत्र में कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही है, बल्कि राष्ट्रीय उद्यानों और चिड़ियाघरों के रखरखाव का कार्य भी ठेके पर दिया जा रहा है जो कि पर्यावरण के लिए घातक है।


**बेदखली सूचना**

हम, सीता राम पुत्र श्री विष्णु भगवान, बबिता पत्नी विष्णु भगवान निवासीयान गली न० 5, विधा विहार कालोनी चरखी दादरी तहसील व जिला चरखी दादरी घोषणा करते है कि हमारा लड़का आशीष सिंगल व पुत्रवधु शैंकी दोनों हमारे व हमारे परिवार के कहने व सुनने के बाहर है अतः हम इन दोनों को अपनी तमाम चल अचल सम्पति से बेदखल करते है भविष्य मे इनसे लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा हमारी व हमारे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी ना होगी

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### माता-पिता को सेंटर में बुलाकर की बैठक

**भिवानी।** प्रारंभिक बाल्य अवस्था देखभाल एवं शिक्षा दिवस समारोह आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 216, 217 में ई सी सी ई दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों के माता-पिता को सेंटर में बुलाकर ,उनके साथ मीटिंग की गई। , पोषण भी पढ़ाई भी थीम के अंतर्गत खेल खेल में सीखना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था । आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों के शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक विकास को बढ़ाया जा सके।

### गांव कारी आदु में जल अर्पण दिवस मनाया

**बाढडा।** कारी आदु के ग्रामीणों ने आज आंबेडकर भवन में इक्कठे होकर जल अर्पण दिवस मनाया। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंता आशीष, खंड विकास समन्वयक दिनेश, मनदीप, ग्राम सचिव सुरेंद्र पूनिया ने भागीदारी की। इस अवसर पर गांव की सरपंच डॉ ज्योति शर्मा ने बताया कि जीवन की सबसे बड़ी जरूरत शुद्ध जल है । जल की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए जरूरी है कि जल का बचाव किया जाये। जल ही जीवन है। अगर जल का बहाव यूं ही बहता रहा तो आने वाले समय पेट्रोल पंप की तरह पानी के लिए जल पंप देखने पड़ेंगे। इसीलिए हमें जल को संरक्षित करना होगा।

### सड़क की दुर्दशा पर सीएम को लिखा पत्र

**तोशाम।** तोशाम-हिसार मार्ग पर सड़क की दुर्दशा को लेकर एक बार फिर से आवाज उठाई गई है। तोशाम की रहने वाली सामाजिक कार्यकर्ता सुशीला देवी ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर तोशाम से हिसार तक के मार्ग को चार लेन बनाने की मांग की है। जिससे इस मार्ग पर बढ़ते हुए वाहनों के आवागमन के कारण वाहन चालकों तथा आमजन को होने वाली समस्या से निजात मिल सके। सुशीला देवी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि तोशाम-हिसार मार्ग एक प्रमुख जिला मार्ग है, लेकिन इसकी स्थिति बहुत ही खराब है।

## पानी को अधिक से अधिक मात्रा में खेती के प्रयोग में लाया जाए

# एसटीपी का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने किया औचक निरीक्षण

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ कस्बे में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीवरेज के साफ हुए पानी को खेती में अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कस्बा बवानीखेड़ा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसकी प्रतिदिन की क्षमता दो एमएलडी की है। विधायक श्री वाल्मीकि ने मंगलवार को इस एसटीपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री, विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा, कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री वाल्मीकि ने यहां सीवरेज के पानी को साफ किए जाने के सिस्टम की बारीकी से जानकारी ली। वहीं विधायक को ट्रीटमेंट प्लांट सुचारू रूप से चालू मिला। विधायक ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसटीपी से साफ हुए पानी को अधिक से अधिक मात्रा में खेती में प्रयोग में लाया जाए ताकि किसानों को अधिक से अधिक फायदा हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि कस्बे में सीवरेज और पेयजल की समस्या नहीं बननी चाहिए। यदि कहीं पर पेयजल लाईन लीकेज की शिकायत मिलती है तो उसको तुरंत प्रभाव से दुरूस्त किया जाए ताकि नागरिकों का पीने के लिए स्वच्छ पेयजल मिले। उन्होंने सीवरेज मेनहोल को भी दुरूस्त करने को कहा।





बवानीखेड़ा। एसटीपी का निरीक्षण करते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व एसटीपी प्लांट के टैंक को देखते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### मेनहोल दुरूस्त करने का काम प्रगति पर

वहीं दूसरी और विभाग की अधीक्षक अभियंता रंगा ने विधायक को जानकारी देते हुए बताया कि एसटीपी का पानी किसानों को खेती प्रयोग के लिए पहले से ही दिया जा रहा है। भविष्य में किसानों को इसके बारे में और अधिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एसटीपी से निकलने वाली खाद भी किसानों को निःशुल्क दी जा रही है। जरूरत के अनुरूप किसान यहां से खाद लेकर जा रहे हैं और और खेतों में प्रयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने विधायक को बताया कि कस्बे में सीवरेज मेनहोल दुरूस्त करने का काम भी प्रगति पर है।

### चार करोड़ से होगी सीवरेज लाइन दुरुस्त

बवानी खेड़ा शहर में बिगड़ी हुई सीवर व्यवस्था की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। विधायक कपूर वाल्मीकि ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सीवर समस्या का शीघ्र समाधान करने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि शहरवासियों को जल्द राहत मिल सके और शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बने। साथ ही पिछले लगभग 6 वर्षों से खराब पड़ी करीब 500 मीटर सीवर लाइन को दुरुस्त करने के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये का टेंडर भी जारी किया गया है, जिससे शहर की सीवरेज समस्या के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि शहर को गंदगी मुक्त किया जाएगा। इस अवसर पर नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे स्वयं शहर की हर गली चप्पे-चप्पे से वाकिफ है और शहर को सौंदर्य की श्रेणी में लाने में जुटे हुए हैं।



बवानीखेड़ा। स्कूल में जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

# यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ एवं जेंडर सेंसिटिविटी कार्यक्रम

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में प्रातःकालीन सभा के दौरान एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा की शुरुआत योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार के साथ की गई, जिससे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ" कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी अध्यापिका स्वीटी द्वारा सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी को यह संकल्प दिलाया कि वे विद्यालय तथा समाज में सम्मानजनक, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के लिए सदैव प्रयास करेंगे और किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार का विरोध करेंगे।

### प्रधानाचार्य बोले

इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने अपने संबोधन में इस विषय की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय संस्कृति का उदाहरण देते हुए एक श्लोक के माध्यम से राजा बाली द्वारा अपने भाई की पत्नी के साथ किए गए अनुचित आचरण का उल्लेख किया और बताया कि हमारे शास्त्र भी ऐसे कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, महिलाओं के प्रति सम्मान और सही आचरण अपनाने की प्रेरणा दी। इसी अवसर पर विद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा "रन फॉर स्पेसिफिक कॉज द् जेंडर सेंसिटिविटी" कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व उपप्रधानाचार्या गीता यादव, प्रोमिला यादव तथा खेल कोच नसीब बूरा द्वारा किया गया। इस दौड़ के माध्यम से विद्यार्थियों को लैंगिक समानता, आपसी सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना विकसित हो सके।

# 51 कुंडीय हवन-यज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आर्य युवा समाज के तत्वावधान में आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के आह्वान पर 'नो नशा नेशन' अभियान को सफल बनाने के लिए डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने स्कूल के क्रीड़ा प्रांगण में 51 कुंडीय हवन संपन्न किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि पुलिस निरीक्षक सत्यनारायण आर्य व अभिभावकों के स्वागत से हुआ। विशिष्ट अतिथि की गरिमामयी उपस्थिति में 51 कुंडीय हवन यज्ञ संपन्न किया गया । संस्कृत अध्यापिका सरोज के द्वारा महर्षि दयानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व की प्रेरणा से समन्वित कविता का पाठ किया गया।



भिवानी। 51 कुंडीय यज्ञ करते बच्चे और अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

इसके उपरांत नशा को नियंत्रित करने में सहायक योगासनों का छात्रों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। अध्यापिका नीरज के द्वारा एक सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम की अग्रिम कड़ी में विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर सत्यनारायण आर्य ने नशा मुक्त समाज विषय पर प्रेरणाप्रद उद्बोधन देते हुए बताया कि विचारों की दृढ़ शक्ति से नशे के दुर्व्यसन दूर रहा जा सकता है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय प्राचार्या कुसुम शर्मा ने विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में सहयोगी छात्र-छात्राओं ,अभिभावकों, अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया । तत्पश्चात उपस्थित छात्रों व जन समुदाय को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# पुरानी पेंशन बहाली के खिलाफ भरी हुंकार

- राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सकसं व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने चलाया जनसंपर्क अभियान
- केवल मांगों की नहीं सरकारी शिक्षा को बचाने की लड़ाई लड़ रहे कर्मचारी : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में कैरू ब्लॉक के विभिन्न विभागों और सरकारी स्कूलों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सकसं के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र दिनोद और संघ की राज्य उपप्रधान सुशीला एवं ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र मिल ने किया। नेताओं ने ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर शिक्षकों और कर्मचारियों को लामबंद किया और सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। सकसं जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र दिनोद ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा और कर्मचारी हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है, हम केवल अपनी मांगों के लिए नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल ऐतिहासिक होगी और ये सरकार को बता देगी कि अब कर्मचारी चुप बैठने वाला नहीं है।



भिवानी। मीटिंग को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों के मुद्दे उठाए

राज्य उपप्रधान सुशीला देवी ने शिक्षकों के मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सरकार मर्जर और कम संख्या के बहाने स्कूलों को बंद करने की साजिश रच रही है। संघ की प्रमुख मांगों में अध्यापकों पर थोपी गई टीईटी की अनिवार्यता संबंधी निर्णय को सरकार कानूनी पैरवी कर वापस लेने, कॉमन स्कूल सिस्टम के तहत पड़ोस के स्कूल में सबके लिए एक जैसी निःशुल्क शिक्षा का प्रबंध करने, और एनएसक्यूएफ शिक्षकों को पक्का करने की मांग उठाई। 12 फरवरी को कर्मचारी काम छोड़कर सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने समय रहते मांगों पर गौर नहीं किया तो ये राष्ट्रव्यापी आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक

**भिवानी।** प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर के सभागार में सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) पवन कुमार की अध्यक्षता में 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निपटारे को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। सीजेएम पवन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों की सूची तैयार कर उन्हें लोक अदालत में लाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करें, ताकि आम नागरिकों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का सरल, त्वरित एवं कम खर्च में निपटारा करना है। इससे आम नागरिकों को जटिल न्यायिक प्रक्रियाओं से राहत मिलती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

# रोड निर्माण में सामग्री एजेंसी ही कटघरे में

- अनियमितताओं को लेकर दोबारा जांच शुरू, दो टीमें मौके पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी-चिड़िया-कनीना रोड निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बाद मंगलवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम दादरी पहुंची।टीम ने सड़क से सैंपल लिए गए व टाइल वर्क की जांच की। जांच प्रक्रिया पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भिवानी से आई टीम भी ऑब्जर्वेशन व निगरानी के तौर पर मौके पर मौजूद रही। इस संबंध में एडवोकेट प्रवीण तक्षक ने बताया कि पूर्व में एसीबी की टीम द्वारा बिना किसी सूचना और उनकी अनुपस्थिति में सैंपल लिए गए थे, जिसकी शिकायत उन्होंने उच्च अधिकारियों से की थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों ने पुनः जांच के आदेश दिए थे, जिसके तहत आज दोबारा टीम भेजी गई। तक्षक ने कहा कि जांच एजेंसियों की भूमिका अभी भी संदेह के घेरे में है और स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते निजी हितों को लाभ पहुंचाने के प्रयास सामने आए हैं। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को एडवोकेट प्रवीण तक्षक ने एसीबी पंचकूला की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे भ्रष्टाचार को बचाने की साजिश करार दिया था। उन्होंने एसीबी के महानिदेशक को भेजी शिकायत में आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी आरोपी अधिकारियों व ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर उन्हें बचाने में लगी है। शिकायत में यह भी कहा गया था कि जानबूझकर सेफ सैंपल उठाए गए ताकि घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार के ठोस प्रमाण सामने न आ सकें। विभागीय एक्सईन व अन्य अधिकारियों द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने और अनुपस्थिति में तैयार सीजर मेमो पर हस्ताक्षर कराने की कोशिश के आरोप भी लगाए गए थे।





चरखी दादरी। सड़क निर्माण में लगी सामग्री का सैंपल लेते अधिकारी।

### जांच शुरू की गई

एडवोकेट तक्षक ने मांग की थी कि मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी या एसआईटी से कराई जाए, सैंपलिंग न्यायिक निगरानी व वीडियोग्राफी में दोबारा हो तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उनकी मांग पर अमल करते हुए मंगलवार को दोबारा जांच शुरू की गई है।

## विकास के मामले में बनाया जाएगा अग्रणीः जेपी



**बहल।** प्रदेश के पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के बजट चर्चा कार्यक्रम को लागू कर बजट बनाने से पहले प्रदेश के आमजन की भागेदारी सुनिश्चित की है। इस कार्यक्रम से जहां सरकार तक आमजन की जरूरत पहुंचती है वहीं बजट में प्रदेश के हर वर्ग के लोगों की राय शामिल होती है। इस तरह जो बजट पेश किया जाएगा वह बजट जनता के लिए और जनता का बजट होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष बजट पर संसद सकारात्मक बहस की जगह वाकआऊट कर अपनी भूमिका के निर्वाहन में असफल रहा है। वे मंगलवार को मंढोली कलां गांव में भाजपा नेता शैलीराम काद्याण के आवास पर लोगों के बीच बोल रहे थे। मौके पर जिला पार्षद रविन्द्र मंढोली, विरेन्द्र मंढोली, विरेन्द्र लांबा, चेयरमैन संजय नेहरा, हनुमान शर्मा, रणसिंह गाढा सहित मौजूद रहे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**एसई का आश्वासन** अमरूत योजना फेस टू में अप्रैल से शुरू होगा कार्यः एसई रंगा

# लाइनपार क्षेत्र में स्वच्छ पानी और सीवरेज समस्या, एसई और एक्सईन को सौंपा ज्ञापन

- क्षेत्र में गर्मियों से पहले हर घर जल पहुंचना सुनिश्चित किया जाए : पार्षद अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता डॉ. सुनील रंगा को पदोन्नति पर रेल अंडरपास महापंचायत सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी एवं अभिनन्दन किया। महापंचायत संयोजक रोहतास वर्मा ने बताया कि पार्षद शिवकुमार गोठवाल के नेतृत्व में महापंचायत सदस्य लाइनपार क्षेत्र में पीने के पानी और सीवरेज समस्याओं के शीघ्र और प्रभावी समाधान के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करने कार्यालय पहुंचे। पार्षद के साथ रामशरण ठेकेदार, एडवोकेट राकेश पंवार, अनिल कुमार पार्षद प्रतिनिधि, मनीष बंसल, रमेश, इंद्रसिंह लांबा, सुरेश जांगड़ा, मनोज, सुरेन्द्र राणा व सुखबीर चौहान मौजूद रहे।



भिवानी। कार्यकारी अभियंता कपिल वर्मा को क्षेत्र कि समस्याओं से अवगत करवाते महापंचायत सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### स्थायी समाधान करवाने का विश्वास दिया

पार्षद गोठवाल ने बताया कि दुर्गा बूस्टिंग स्टेशन की क्षमता आबादी के अनुपात में बहुत कम है। उन्होंने अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण एवं मोटर पंप जो बार बार ब्रेकडाउन होता हैं, उसे बदलकर नया लगाने, क्षेत्र की गलियों में सीवर मैनहॉल क्षतिग्रस्त व ढक्कन नहीं है, जिसके चलते दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने हर घर नल, हर घर जल पहुंचाने के बारे में कहा हुआ है, मगर इस क्षेत्र बहुत से घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया रहा। एसई रंगा एवं कार्यकारी अभियंता कपिल वर्मा ने ध्यानपूर्वक समस्याओं को सुना और 31 मार्च तक सभी समस्याओं का स्थायी समाधान करवाने का विश्वास दिया तथा तुरंत कार्यों के लिए संबंधित स्टाफ को निर्देश दिए।

### सरकार के खिलाफ गरजे किसान

- अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने सरकार ने टेके घुटने

**लोहारू।** करोड़ों रुपयों के बकाया फसल बीमा क्लेम के भुगतान की मांग को लेकर लोहारू में 210 दिनों से किसान अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर बैठे हैं। मंगलवार को किसान सरकार के खिलाफ जमकर गरजे और पिछले दिनों भारत सरकार द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ किए समझोते पर नाराजगी जाहिर की। किसानों ने कहा कि इस समझौते के माध्यम से देश के स्वाभिमान को गहरा आधात लगा है तथा आने वाले समय में देश को काफी नुकसान झेलना पड़ेगा। मा. जगरोशन ने कहा कि बीजेपी सरकार ने किसानों, छोटे और मझोले उद्यमियों के हितों को दरकिनार किया।